E-mail- ee6upjn_vns@yahoo.com
दूरभाष कार्यालय– 0542–2505203

# उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)

अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम, वाराणसी।
65, बी कैण्टोनमेंट नदेसर (टी0वी0 टावर के पास) वाराणसी – 221002

पत्रांक– 918 / अनुपालन आख्या /29 दिनांक– 15-06-2026

सेवा में,

अपर जिलाधिकारी (वि0 / रा0),
वाराणसी।

**विषयः–** **जागरण संवाददाता समाचार पत्र में प्रकाशित निगेटिव न्यूज के संबंध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक जागरण संवाददाता समाचार पत्र में प्रकाशित निगेटिव न्यूज संदर्भ में आख्या निम्नानुसार है–

| क्र. सं. | संदर्भ | सही / गलत | आख्या | समय सीमा |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | कोटवां में जल जीवन मिशन का काम अधूरा, भीषण गर्मी में बढ़ी पानी की किल्लत। | सही | उक्त खबर विकास खण्ड काशी विद्यापीठ के ग्राम सभा कोटवां के पेयजल योजना से सम्बन्धित है। उक्त के संबंध में अवगत कराना है कि कोटवां पेयजल का निर्माण वर्ष 1972 में कराया गया था। कोटवां पेयजल योजना 54 वर्ष पुरानी होने के कारण पाइप लाइन जगह–जगह पर क्षतिग्रस्त हो गयी है तथा योजना से आंशिक जलापूर्ति संभव हो पा रही है। योजना से सम्बन्धित शिरोपरि जलाशय की आयु भी पूर्ण हो गयी है, जिसके कारण उक्त जलाशय में पानी नही भरा जाता है, नलकूप के माध्यम से सीधे जलापूर्ति की जा रही है। कोटवां पेयजल योजना को जल जीवन मिशन के अन्तर्गत नवीनीकरण हेतु पुनर्गठन कराया जाना प्रस्तावित है, जिसका कार्य प्रगति पर है। विगत एक वर्ष से जल जीवन मिशन की योजनाओं का नियमित भुगतान बाधित होने के कारण निर्माण कार्यो की प्रगति प्रभावित हो गयी थी। वर्तमान में फर्म मे0 एल0एण्ड0टी0 द्वारा निर्माण कार्यों को पुनः प्रारम्भ कराया गया है। उक्त पेयजल योजना का निर्माण कार्य भी एक सप्ताह में पुनः प्रारम्भ करा दिया जायेगा तथा नयी पाइप लाइन बिछाने एवं योजना का नवीनीकरण का कार्य माह दिसम्बर, 2026 तक पूर्ण कराया जाना लक्षित है। | माह दिसम्बर, 2026 तक |

भवदीय

अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0– / / दिनांक–

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित।

1. मुख्य अभियन्ता (वा0क्षेत्र), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), वाराणसी।
2. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), वाराणसी।
3. सम्बन्धित सहायक अभियन्ता / जू0ई0।
4. मे0 एल0एण्ड0टी0, वाराणसी।

अधिशासी अभियन्ता